कक्षा- VI

पत्थरों का इतिहास

1. प्रस्तुत पत्र किसने किसको लिखा है?

उत्तर- प्रस्तुत पत्र पं. जवाहरलाल नेहरू ने अपनी पुत्री इंदिरा को लिखा है।

2. जवाहरलाल की पुत्री का क्या नाम था?

उत्तर- जवाहरलाल की पुत्री का नाम 'इंदिरा' था, और उन्हें प्यार से 'इंदु' बुलाया जाता था।

3. जवाहरलाल ने यह पत्र क्यों लिखा?

उत्तर- जवाहरलाल इलाहाबाद में थे और इंदिरा मसूरी में, अतः वे दोनों आमने-सामने बात नहीं कर सकते थे, इसलिए पं.नेहरू ने अपनी बेटी इंदिरा को पत्र लिखना आरम्भ किया। इन पत्रों में , वो इंदिरा को कई विषयों की जानकारी बहुत ही रोचक ढंग से देते थे और देश-विदेश के इतिहास की चर्चा भी करते थे।

4. लेखक ने संसार को 'पुस्तक' क्यों कहा है?

उत्तर- लेखक ने संसार को 'पुस्तक' इसलिए कहा है, क्योंकि जिस प्रकार हम पुस्तकों से ज्ञान अर्जित करते है, उसी प्रकार हम संसार की प्राकृतिक वस्तुओं, जैसे- पेड़, पहाड़, नदियाँ इत्यादि से इस धरती के इतिहास और भूगोल के बारे में बहुत कुछ जान सकते हैं।

5. दुनिया का हाल जानने के लिए क्या ध्यान में रखना होगा?

उत्तर- दुनिया का हाल जानने के लिए हमें सब देशों और उसमें बसी सभी जातियों के बारे में जानना होगा।

6. हमें दुनिया का पुराना हाल कैसे मालूम हो सकता है?

उत्तर- समुद्र, नदियाँ, जंगल, जानवरों की पुरानी हड्डियाँ और चट्टानों व पत्थरों से हमें पुरानी दुनिया का हाल मालूम हो सकता है।

7. किसी चट्टान का खुरदरा और नुकीला टुकड़ा चिकना व चमकदार कैसे बन जाता है?

उत्तर- किसी चट्टान का खुरदरा व नुकीला टुकड़ा पानी के थपेड़े खाते-खाते, नदियों में बहते-बहते और धरती से रगज़ खाते हुए चिकना और चमकदार बन जाता है।

8. अगर कंकड़ नदी में ही पड़ा रहता, तो अंत में वह क्या बन जाता?

उत्तर- अगर कंकड़ नदी में ही पड़ा रहता तो वह छोटा होते-होते अंत मे रेत का कण बन जाता।

9. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) तुम हर चीज़ का *इतिहास* किताबों में ही पढ़ सकती हो।

(ख) इंग्लैंड केवल एक छोटा-सा *टापू* है।

(ग) बड़े से पत्थर को पहाड़ी नाले ने एक छोटे से *दरिया* में पहुँचा दिया।

(घ) अगर तुम किसी बड़ी *चट्टान* को तोड़कर टुकड़े-टुकड़े कर डालो, तो हर एक टुकड़ा खुरदरा और *नुकीला* होगा।

10. विशेषण और विशेष्य मिलाइए-

| विशेषण | विशेष्य |
|---|---|
| छोटा-सा | रोड़ा |
| मोटी-मोटी | किताबें |
| पुरानी | हड्डियाँ |
| जानदार | चीज़ |
| बड़ी। | चट्टान |

11. निम्नलिखित शब्दों में कौन कैसा शब्द है- छाँटकर लिखिए-

_रोड़ा, पत्र, गर्मी, इंग्लैंड, टुकड़ा, इंडिया, सुंदर, आँख, कंकड़, पृष्ठ, कान, ज़माना_

*तत्सम*

पत्र, पृष्ठ

*तद्भव*

कंकड़, गर्मी, टुकड़ा, कान, आँख, सुंदर।

*देशज*

रोड़ा

*विदेशी/आगत*

ज़माना, इंडिया, इंग्लैंड।

12. सही कारक लिखिए-

(क) वह कार से आया।

उत्तर- करण कारक

(ख) पेड़ से फल गिरा।

उत्तर- अपादान कारक

(ग) मैंने चाकू से सेब काटा।

उत्तर- करण कारक

(घ) राम ने पेंसिल से लिखा।

उत्तर- करण कारक

(ङ) विजय छत से गिर गया।

उत्तर- अपादान कारक।

13. पाठ में संज्ञा शब्दों का बहुतायत में प्रयोग किया गया है। लगभग 15 छाँटकर लिखिए-

व्यक्तिवाचक - इंदु, मसूरी, इलाहाबाद, हिंदुस्तान, इंग्लैंड।

जातिवाचक- टापू, देश, किताब, समुद्र, जंगल

भाववाचक- ध्यान, इरादा,